प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2023–24

संगीत वादन

कक्षा–12

समयः 3 घण्टा 15 मिनट पूर्णांक : 50

**नोट** : प्रश्न पत्र में दो भाग हैं – ''प्रथम भाग'' तबला, पखावज एवं मृदंग के परीक्षार्थिंयों के लिये तथा ''द्वितीय भाग'' सितार, वीणा, सारंगी, सरोद, इसराज, गिटार, वायलिन तथा बांसुरी के परीक्षार्थिंयों के लिये है। परीक्षार्थिंयों को अपने लिये हुए विषय वाद्य में से किसी एक भाग से ही प्रश्नों के उत्तर हल करने होंगे।

**निर्देश**– प्रत्येक भाग के प्रश्न पत्र दो खण्ड 'क' एवं 'ख' में विभाजित है प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित है प्रश्न–पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं – बहुविकल्पीय, अति लघुउत्तरीय, लघुउत्तरीय, दीर्घउत्तरीय जिसके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये है। अपने भाग के प्रश्न पत्र से दोनो खण्डों 'क' एवं 'ख' के उत्तर देना अनिवार्य है।

''प्रथम भाग'–संगीत वादन

(तबला, पखावज एवं मृदंग के विद्यार्थियों के लिये)

संगीत विज्ञान

खण्ड 'क'

बहुविकल्पीय प्रश्न 1+1+1+1+1=5

1. टुकड़ा किस वाद्य से सम्बन्धित हैं ?
   (क) तबला (ख) पखावज (ग) ढोलक (घ) मृदंग
2. इनमें से कौन सा वाद्य अबनद्ध वाद्य की श्रेणी में आता है ?
   (क) हारमोनियम (ख) बाँसुरी (ग) पखावज तबला (घ) इनमें से कोई नही।
3. किसी बोल को उलट–पलट करके बजाने को क्या कहते हैं ?
   (क) लयकारी (ख) पल्टा (ग) टुकड़ा (घ) कायदा
4. तिहाई कितने प्रकार की होती है ?
   (क) दो (ख) तीन (ग) चार (घ) पांच
5. किस भाषा के कैद शब्द से कायदा शब्द की उत्पत्ति हुई है ?
   (क) हिन्दी (ख) अंग्रेजी (ग) उर्दू (घ) फारसी

अति लघुउत्तरीय प्रश्न 1+1+1+1+1=5

6. एक मात्रा में तीन मात्रा बोलने को क्या कहते हैं ?
7. पेशकारा किसे कहते हैं ?
8. लय किसे कहते हैं? कितने प्रकार के होते हैं ?
9. मुखड़ा की परिभाषा लिखिये।
10. तिहाई के प्रकारों के नाम लिखों।

## लघुउत्तरीय प्रश्न

$1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=6$

**किन्ही चार प्रश्नों पर उत्तर दीजिये –**

11. लयकारी किसे कहते हैं? उसके विभिन्न प्रकारों के नाम लिखो।
12. अपने विषय वाद्य तबला अथवा पखावज के किन्ही पांच अंगों के नाम लिखते हुए किसी एक अंग के विषय में लिखिये।
13. तिहाई की परिभाषा लिखते हुए किन्ही दो प्रकारों के विषय में संक्षेप में वर्णन करिये।
14. पल्टा किसे कहते हैं? किसी भी एकताल का कोई एक पल्टा लिखिये।
15. टुकड़ा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये।
16. सम, परन, ताली, खाली, द्रुत लय की परिभाषा लिखिये।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

$4\frac{1}{2}+4\frac{1}{2}=9$

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये

17. अपने वाद्य का सचित्र वर्णन कीजिये।
18. लय तथा लयकारी के विभिन्न प्रकारों को विस्तार में उदाहरण सहित लिखिये।
19. धमार ताल का ठेका लिखते हुए एक टुकड़ा तथा एक परन लिपिबद्ध कीजिए।
20. निम्न में से किन्हीं दो जोड़ियों की तुलना कीजिए।

    (क) चारताल – एकताल (ख) लय – लयकारी

    (ग) कायदा – पल्टा (घ) आड़ा चारताल – धमार ताल

## खण्ड 'ख'

**बहुविकल्पीय प्रश्न** 1+1+1+1+1=5

21. आड़ा चारताल में कितनी मात्रा तथा कितने विभाग होते हैं ?

    (क) 15 मात्रा 4 विभाग (ख) 12 मात्रा 4 विभाग

    (ग) 14 मात्रा 7 विभाग (घ) इनमें से कोई नहीं।
22. चारताल तथा गजझंपा ताल विशेष रूप से किस वाद्य की ताल हैं ?

    (क) तबला (ख) पखावज (ग) ढोलक (घ) इनमें से कोई नही।
23. भातखण्डे स्वर लिपि एवं ताल लिपि पद्धति में सम का चिन्ह क्या होता हैं ?

    (क) 2 (ख) 0 (ग) × (घ) 3
24. ध्रुपद गायन शैली के साथ कौन सी ताल बजाई जाती हैं ?

    (क) चारताल (ख) धमार ताल (ग) तीनताल (घ) झपताल
25. पंचम सवारी ताल में कितनी मात्राएं होती हैं ?

    (क) 8 (ख) 9 (ग) 16 (घ) 15

### अति लघुउत्तरीय प्रश्न 1+1+1+1+1=5

26. एकताल को कौन सी गायकी के साथ बजाया जाता हैं? नाम लिखिये।
27. तीनताल का ठेका लिखिये।
28. विलम्बित लय किसे कहते हैं?
29. भजन एवं लोक संगीत के साथ अधिकांशतः कौन–कौन सी तालें बजाई जाती हैं ?
30. झप ताल में कितनी मात्रा तथा कितने विभाग होते हैं ?

### लघुउत्तरीय प्रश्न $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 6$

किन्ही चार प्रश्नों पर उत्तर दीजिये

31. ताल पंचम सवारी का पूर्ण परिचय तथा उसका ठेका लिखिये।
32. गजझंपा ताल कौन से वाद्य की ताल हैं ? उसका ठेका लिखिये।
33. अपने पाठ्यक्रम में सीखी हुई किसी भी ताल का एक टुकड़ा लिपिबद्ध कीजिये ?
34. अपने पाठ्यक्रम की 14 मात्रा की दो तालों के नाम लिखते हुए किसी भी एकताल को दुगुन की लयकारी में लिपिबद्ध कीजिये।
35. ताल एकताल की तिगुन लिखिये।

    **अथवा**

    आड़ा चारताल की दुगुन लिखिये।
36. भारतीय वाद्यों के प्रकारों का नाम लिखते हुए किसी एक प्रकार के बारे में संक्षेप में लिखिये।

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न $4\frac{1}{2} + 4\frac{1}{2} = 9$

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये

37. अपने पाठ्यक्रम में सीखी हुई तालों में से किसी भी एकताल में एक कायदा, दो पल्टा तथा उसकी तिहाई लिखिये।
38. खुले बोल अर्थात् पखावज की किसी भी एकताल का पूर्ण परिचय ठेका, दुगुन, तिगुन, चौगुन लिपिबद्ध कीजिये।
39. भारतीय वाद्यों के वर्गीकरण का विस्तार पूर्वक कीजिये।
40. (क) संगीत में लय का महत्व (ख) भारतीय संगीत में इण्टरनेंट का योगदान

    (ग) जीवन में संगीत का महत्व

    **अथवा**

    किसी एक का जीवन परिचय तथा संगीत के क्षेत्र में योगदान का वर्णन कीजिये

    (क) पं0 किशन महाराज (ख) पं0 सामता प्रसाद

    (ग) उस्ताद अहमद जान थिरकवा

# द्वितीय भाग –वादन
# (सितार एवं अन्य तंत्र वाद्य)
## कक्षा–12
## खण्ड 'क'
## संगीत विज्ञान

**बहुविकल्पीय प्रश्न** 1+1+1+1+1=5

1. इनमें से विलम्बित लय में क्या बजाया जाता हैं ?
   (क) झाला (ख) मसीतखानी गत (ग) तोड़ा (घ) इनमें से कोई नही
2. मीड़ का दूसरा नाम क्या हैं ?
   (क) सूत (ख) श्रुति (ग) स्वर (घ) सरगम
3. किसी राग के प्रारम्भ में जब स्वरों का विस्तार विलम्बित लय में किया जाता है तो उसे क्या कहते हैं ?
   (क) तोड़ा (ख) तान (ग) स्वर विस्तार (घ) आलाप
4. जब एक स्वर से दूसरे पर ऊँगली को बिना उठायें रगड़ते हुए जाते है तो उसे क्या कहते हैं ?
   (क) जमजमा (ख) तोड़ा (ग) बोल (घ) घसीट
5. किसी भी राग का सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्वर क्या कहलाता हैं ?
   (क) वादी (ख) सम्वादी (ग) विवादी (घ) अनुवादी

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न** 1+1+1+1+1=5

6. वे राग जो रात्रि और दिन के मिलने वाले समय में बजायें जाते है उस राग को क्या कहते हैं ?
7. सितार अथवा अन्य तंत्र वाद्य में बजने वाले आलाप को किस लय में बजाया जाता हैं?
8. तार वाले वाद्यों में तार को क्या कहते हैं ?
9. तोड़े किय लय में बजायें जाते हैं?
10. मसीतखानी गत तथा रज़ाखानी गत का अविष्कार किसने किया हैं ?

**लघुउत्तरीय प्रश्न** $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+ 1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2} = 6$

किन्ही चार प्रश्नों पर उत्तर दीजिये –

11. सितार के पांच अंगों के नाम लिखो तथा किसी अंग के बारे में संक्षिप्त में लिखो।
12. घसीट किसे कहते हैं?
13. जमजमा किसे कहते हैं ?
14. आलाप एवं तोड़ा की परिभाषा लिखो।
15. अध्वदर्शक स्वर की परिभाषा लिखो।
16. सितार में कितने तार होते हैं ? उसके प्रथम तार को क्या कहते है वह किस धातु का होता हैं?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** $4\frac{1}{2}+4\frac{1}{2}=9$

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये

17. अपने वाद्य का सचित्र वर्णन करिये।
18. मसीत खानी गत तथा रज़ाखानी गत को विस्तार से समझते हुए किसी एक का उदाहरण लिखिये।
19. तान किसे कहते हैं? उसके प्रकारों का वर्णन करिये।
20. जो वाद्य आपने लिया है अर्थात् अपने वाद्य को मिलाने की विधि का वर्णन करिये।

## खण्ड 'ख'

## (संगीत का इतिहास और वादन शैलियों का अध्ययन)

**बहुविकल्पीय प्रश्न** 1+1+1+1+1=5

21. राग जौनपुरी का वादी स्वर क्या हैं?
    (क) धैवत (ध) (ख) निषाद (नी) (ग) गंधार (ग) (घ) मध्यम (म)
22. केदार किस थाट का राग हैं ?
    (क) कल्याण (ख) मारवा (ग) बिलावल (घ) इनमें से कोई नही।
23. राग जौनपुरी का थाट क्या हैं ?
    (क) बिलावल (ख) खमाज (ग) काफी (घ) आसावरी
24. राग वृन्दावनी सारंग किस जाति का राग हैं?
    (क) औडव–षाड्व (ख) षाड्व–षाड्व (ग) सम्पूर्ण–सम्पूर्ण (घ) औडव–औडव
25. रागों की उत्पत्ति किससे मानी गई हैं ?
    (क) राग से (ख) थाट से (ग) स्वर से (घ) इनमें से कोई नहीं।

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न** 1+1+1+1+1=5

26. आरोह तथा अवरोह किसे कहते हैं?
27. राग हमीर का थाट तथा गायन समय क्या हैं ?
28. पाठ्यक्रम की 12 मात्राओं की दो तालों का नाम लिखो ?
29. पाठ्यक्रम की 2 रागों के नाम लिखो जिसमें दोनों मध्यम का प्रयोग होता हैं ?
30. श्रुतियों की संख्या तथा थाट की संख्या क्या होती हैं ?

**लघुउत्तरीय प्रश्न** $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=6$

किन्ही चार प्रश्नों पर उत्तर दीजिये

31. अल्पत्व–बहुत्व की परिभाषा लिखो।
32. पाठ्यक्रम की किसी भी एक ताल का पूर्ण परिचय लिखो।
33. निम्न स्वर समुदाय किन रागों के है पहचान कर राग का नाम लिखिये–
    (क) स म म ग प, म॑ प ध प म। (ख) सं <u>नी</u> प म प <u>ग</u> म <u>नी</u> ध नी सं।
    (ग) म प <u>ध</u>, म प <u>ग</u> रे स रे म प।

34. राग केदार अथवा राग वृन्दावनी सारंग का थाट, जाति, वादी, सम्वादी गायन समय लिखिये।

35. कोई दो अलंकार आरोह–अवरोह सहित लिखिये।

**अथवा**

स्वरों की बढ़त के माध्यम से निम्न अलंकारों को पूर्ण करिये।

(क) स रे ग, रे ग म (ख) स रे स ग, रे ग रे म

36. भारतीय वाद्यों को कितने भागों में बांटा गया हैं ? प्रत्येक के नाम लिखिये।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न $4\frac{1}{2}+4\frac{1}{2}=9$

**किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये–**

37. अपने पाठ्यक्रम में सीखी हुई किसी एक राग की रज़ाखानी गत दो तोड़ों सहित लिखिये।

38. ताल एकताल अथवा चारताल का पूर्ण परिचय ठेका दुगुन चौगुन सहित लिखिये।

39. किसी एक संगीतज्ञ की जीवनी तथा उनके सांगीतिक योगदान का वर्णन कीजिये

(क) विष्णु दिगम्बर (ख) पं0 रवि शंकर (ग) गोपाल नायक

**अथवा**

भारतीय संगीत के इतिहास का संक्षिप्त वर्णन करते हुए किसी एक युग का (आधुनिक काल/मध्यकाल) वर्णन करिये।

40. किसी एक पर निबन्ध लिखियें

(क) भारतीय संगीत में इण्टरनेट का योगदान (ख) संगीत में लय का महत्व

(ग) मानव जीवन में संगीत का महत्व